<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में क्रास क्रन्ट्री रेस 2024–25 का आयोजन</u>

पंतनगर। 29 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के स्टीवेंशन स्टेडियम के शारीरिक शिक्षा अनुभाग में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सत्र 2024–25 की विश्वविद्यालय क्रास क्रन्ट्री रेस को प्रातः 7:00 बजे आयोजित की गयी, जिसमें आज अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना ने कास क्रन्ट्री रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 104 छात्रों एवं 342 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में टैगोर भवन छात्रावास के कुशाग्र मेहरा प्रथम एवं निखिल बिष्ट द्वितीय, पन्त भवन छात्रावास के कनिष्क वर्मा तृतीय, नेहरू भवन के गौरव पाण्डेय चतुर्थ, एस.जे. भवन छात्रावास के सौरभ बिष्ट पंचम तथा नेहरू भवन छात्रावास के अंकित ने षष्ट स्थान प्राप्त किया और छात्रा वर्ग में मंदाकिनी भवन छात्रावास की ज्योति प्रथम एवं मंदाकिनी भवन छात्रावास की प्रियंका बिष्ट द्वितीय, गांधी भवन छात्रावास की शिवानी तृतीय, सरोजनी भवन छात्रावास की स्नेहा चन्द्र चतुर्थ, यमनोत्री भवन छात्रावास की तुषारिका जोशी पंचम तथा सरोजनी भवन छात्रावास की आस्था जोशी ने षष्ट स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री सामुदायिक महाविद्यालय एवं कार्यवाहक कुलपति डा. अल्का गोयल एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डा. ओम प्रकाश सह निदेशक शरीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा; डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. एच.एस. पपोला, डा. वी.के. सिंह, श्री योगेश पन्त, श्री के.पी. सिंह, श्री विजय, श्री प्रेम यादव, समस्त क्रीड़ा स्टाफ काउन्सलर, छात्रावास अभिरक्षकाऐं आदि उपस्थित थे।

कास क्रन्ट्री रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना।